मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सड़क मार्गों की नियमित निगरानी के साथ जनजागरुकता के लिए अभियान चलाने के दिए निर्देश

**प्रशासन सख्त, आयोजकों पर लगाया जाएगा जुर्माना**

# सड़कों पर जन्मदिन मनाया या सार्वजनिक यातायात को बाधित किया तो अब खैर नहीं

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर

editor@peoplessamachar.co.in




मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में शुक्रवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सड़कों पर जन्मदिन मनाने, पंडाल लगाने, भंडारा आयोजित करने की प्रवृतियों को हतोत्साहित करने एवं सार्वजनिक यातायात को बाधित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति यदि सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव ने सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने वालों पर एंटी-एन्क्रोचमेंट एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़कें केवल आवागमन के लिए हैं, निजी आयोजनों के लिए नहीं। जन्मदिन, पार्टियां तथा अन्य कोई भी निजी कार्यक्रम सार्वजनिक सड़कों पर आयोजित करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने ऐसे आयोजनों में शामिल वाहनों को जब्त करने और आयोजकों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिम्मेदार व्यक्तियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत उत्तरदायी ठहराया जाएगा। मुख्य सचिव जैन ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे किसी भी अवैध आयोजन को तुरंत रोकें और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश में मुख्य सचिव ने कहा है, इस तरह की अवांछित गतिविधियों को रोकने और संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करें, एसओपी बनाएं।

### प्रतिबंधित हैं मार्गों पर अवैध आयोजन

मुख्य सचिव ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे नागरिकों को स्पष्ट संदेश मिले कि सार्वजनिक मार्गों पर अवैध आयोजन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। उन्होंने जनसंपर्क विभाग को विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुए आमजन को इस सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही हुई तो अफसर होंगे जिम्मेदार

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा होती हैं, तो संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस संबंध में सख्त निगरानी रखें। मुख्य सचिव ने कहा कि वे विशेष सतर्कता दल (विजिलेंस टीम) गठित करें, जो ऐसी घटनाओं पर नजर रखेंगे और तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टर ने नगर सैनिक तथा कलेक्टोरेट कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई



पीपुल्स संवाददाता • रायपुर

editor@peoplessamachar.co.in

कलेक्टर बंगले में आज शाम बड़ा अच्छा आयोजन हुआ। जिसमें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता सिंह ने 30 वर्षों से सेवा देने वाले नगर सेना के नगर सैनिक भुरूलाल बरिहा को सेवानिवृत होने पर शाल तथा श्रीफल देकर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने बरिहा को स्वस्थ्य रहने और सुदीर्घ जीवन की कामना की। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. सिंह ने कलेक्टर कार्यालय राजस्व शाखा में सहायक वर्ग-2 के पद पर कार्यरत श्रीमती उषा दरवलकर के सेवानिवृत्त होने पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में शाल, पुष्पगुच्छ तथा श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू, नवीन कुमार ठाकुर, श्रीमती अभिलाषा पैकरा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक तथा स्टेनो टू कलेक्टर मुक्तेश्वर पटेल सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### फेडरेशन के मुद्दों का राज्य के बजट में दिखेगा असर : कमल वर्मा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, सचिव राजेश चटर्जी, प्रवक्ता जीआर चंद्रा, चंद्रशेखर तिवारी तथा संगठन मंत्री रोहित तिवारी ने कहा है कि राज्य के बजट 2025-26 में कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांगों का समाधान होगा। पदाधिकारियों का कहना है कि फेडरेशन ने हमेशा विशेष कार्ययोजना तैयार कर,कर्मचारियों के हित में परिणाम मूलक भूमिका निभाता रहा है। जहाँ एक तरफ फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रमुखों ने संभागवार बैठक लेकर कर्मचारियों को मोदी की गारंटी लागू करने के मुद्दे पर एकजुट किया। इसके फलस्वरूप फेडरेशन के बैनर पर कर्मचारियों ने 27 सितंबर 24 को राज्यव्यापी कलम बंद-काम बंद हड़ताल किया था। वहीं दूसरी तरफ, मप्र पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 68 (2) के प्रावधान अनुसार मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के सेवा शर्तों में समानता के कानूनी पक्ष को छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष फेडरेशन ने रखा था। जिसमें मध्यप्रदेश के समान देय तिथि अनुसार महँगाई भत्ता तथा बकाया एरियर्स देने एवं अवकाश नगदीकरण 300 दिन करने के मुद्दे के अलावा केंद्र के समान गृहभाड़ा भत्ता स्वीकृत करने,जन घोषणा पत्र अनुसार चार स्तरीय समयमान स्वीकृति तथा अन्य के लिये बजट में प्रावधान करने मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया था।

### विचारक एवं प्रेरक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का उद्बोधन 2 मार्च को होगा



**रायपुर।** राष्ट्र प्रथम संस्था के संयोजक तुषार शाह एवं भूपेन्द्र कोटडिया ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि विचारक व प्रेरक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का उद्बोधन 2 मार्च शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रविवार को आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन का मूल उद्देश्य जातिवाद-भाषावाद, प्रांतवाद, क्षेत्रवाद, छुआछूत आदि की विचारधारा का समूल नाश करना है। आदिवासी समाज, सतनामी समाज, साहू समाज, कुर्मी समाज, देवांगन समाज, यादव समाज, धोबी समाज, अग्रवाल समाज, बोहरा समाज, उड़िया समाज, सिंधी समाज, सिख समाज, जैन समाज, ब्राम्हण समाज, मराठी समाज, बंगाली समाज, गुजराती समाज, तेलगू समाज, सोनी समाज, कायस्थ समाज, पटेल मरार समाज सहित अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के हजारों सदस्य छत्तीसगढ़ प्रदेश से अधिकतम संख्या में शामिल होंगे।

## क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी...रोमांच, जुनून से भरा क्रिकेट का महाकुंभ 3 मार्च से

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर

editor@peoplessamachar.co.in

क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी! दो साल से क्रिकेट के दीवानों को रोमांचित कर रहा FCC Cup (Friends Cricket Club) अपने तीसरे सीजन के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट की शानदार ट्रॉफी का अनावरण हो चुका है, और अब बस इंतजार है 3 मार्च का, जब क्रिकेट का यह महाकुंभ शुरू होगा। बड़ा, भव्य और बेहद रोमांचक होगा यह सीजन। इस बार FCC Cup Season 3 को और भी खास बनाने के लिए Navkar Jewellers ने टाइटल स्पॉन्सरशिप ली है, जबकि इसका को-पावर्ड स्पॉन्सर बना है। डिजिटल पार्टनर टूर्नामेंट की हर खास झलक और अपडेट दर्शकों तक पहुंचाने का जिम्मा संभाल रहा है, जबकि मीडिया पार्टनर इस क्रिकेट महोत्सव को और भी ज्यादा प्रभावी बना रहे हैं।



### 3 मार्च से होगा क्रिकेट का महासंग्राम - कौन बनेगा चैंपियन?

अब सबकी निगाहें 3 मार्च पर टिकी हैं, जब पहला मुकाबला खेला जाएगा। कौन सी टीम दिखाएगी अपना जलवा ? कौन से खिलाड़ी बनाएंगे इस सीजन को यादगार? क्या इस बार नए सितारे चमकेंगे या फिर पुराने दिग्गज ही बाजी मारेंगे? तैयार हो जाइए क्रिकेट के इस महामुकाबले के लिए। जबर्दस्त बैटिंग, घातक बॉलिंग और सुपर कूल कैचेज के साथ सीजन 3 हर क्रिकेट प्रेमी के लिए एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है। तो क्या आप हैं तैयार?

### बेजोड़ रोमांच और जबरदस्त प्रतिस्पर्धा का होगा आगाज!

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक विवेक भोजवानी हैं, जो हर साल इसे और अधिक भव्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से दिग्गज खिलाड़ी अपनी टीमों के साथ मैदान पर उतरेंगे, जिससे यह मुकाबला पहले से कहीं अधिक रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक होगा। हर टीम ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार है।

### हर चौके-छक्के से गूंजेगा स्टेडियम, हर विकेट पर मचेगा हल्ला!

पिछले सीजन में क्रिकेट के कुछ अविस्मरणीय पल देखने को मिले थे—हाई स्कोरिंग मैच, सुपर ओवर का रोमांच, और आखिरी गेंद तक सांसें थाम देने वाले मुकाबले! इस बार भी क्रिकेट प्रेमियों को ऐसा ही दिल धड़काने वाला रोमांच देखने को मिलेगा।

## सर्वाधिक हेल्थ रिकॉर्ड्स को डिजिटलाइज करने के लिए डॉ. विकास अग्रवाल सम्मानित

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर

editor@peoplessamachar.co.in




नई दिल्ली में नेशनल हेल्थ एजेंसी ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत हेल्थ रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने वाली देश की टॉप 50 हेल्थ संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से चुने गए एक मात्र चिकित्सक रायपुर से अग्रवाल क्लिनिक के डॉक्टर विकास कुमार अग्रवाल को पूरे देश में सबसे अधिक हेल्थ रिकॉर्ड्स को डिजिटलाइज करने के लिए डिजिटल हेल्थ चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने अब तक 79000 से अधिक हेल्थ रिकॉर्ड्स को डिजिटलाइज करके आभा आईडी से लिंक किया है। कार्यक्रम में नेशनल हेल्थ एजेंसी के डायरेक्टर विक्रम पगारिया तथा एबीडीएम के मिशन डायरेक्टर एवं एनएचआई के जॉइंट सेक्रेटरी किरण गोपाल वसका उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों के साथ नेशनल हेल्थ एजेंसी के मिशन डायरेक्टर्स ने बातचीत की और डिजिटलाइजेशन के दौरान आने वाली समस्याओं को सुना और शंकाओं को दूर किया और साथ ही कुछ मुद्दों पर उनसे समाधान भी मांगे। कार्यक्रम का आयोजन 27 फरवरी गुरुवार को नई दिल्ली में सिविल सर्विसेज ऑफिसर इंस्टिट्यूट में किया गया। डॉ. विकास अग्रवाल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं तथा वर्तमान में छत्तीसगढ़ एएचपीआई की एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य तथा एएचपीआई की डिजिटल हेल्थ कमेटी में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि हैं।

### अर्जुमन एजाज ढेबर ने जिला कलेक्टोरेट में ली पार्षद पद की शपथ



**रायपुर।** मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्रमांक 45 की नवनिर्वाचित पार्षद अर्जुमन एजाज ढेबर ने जिला कलेक्टोरेट में पार्षद पद की शपथ ली। नवनिर्वाचित पार्षद को रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने पार्षद पद की शपथ दिलवाई। कलेक्टोरेट में संक्षिप्त शपथ कार्यक्रम के दौरान नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर एवं नगर निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देवी ऋचा मिश्रा की नया रायपुर में रामकथा शुरू

### निमोरा नया रायपुर में चल रही श्री राम कथा

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर

editor@peoplessamachar.co.in

निमोरा नया रायपुर में चल रही श्रीराम कथा में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देवी ऋचा मिश्रा ने अपने व्याख्यान में प्रथम दिवस शिव कथा के ऊपर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि श्रीराम कथा की जितनी आवश्यकता आज संसार में है शायद इतनी अन्य किसी कथाओं की नहीं, माता-पिता के प्रति कर्तव्य, भाई का भाई के प्रति कर्तव्य, शिष्य और गुरु के बीच संबंध यह सभी चीज यदि जानना है तो श्री रामचरितमानस का अध्ययन करना होगा। श्री रामचरित मानस वह ग्रंथ है जो मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। रा का अर्थ राष्ट्र म का अर्थ मंगल जो सारे राष्ट्र का मंगल कर दे उसी का नाम राम है। सम्पूर्ण राष्ट्र का मंगल जिस ग्रंथ में निहित है उसी का नाम रामचरितमानस है ,,



**रामचरितमानस यही नामा!**
**सुनत श्रवण पाइय विश्रामा!!**

श्री राम कथा का आयोजन डीसी प्रसाद साहू, प्रेमवती साहू उनके पुत्र गुलाबचंद साहू, योगेश कुमार साहू, तुलेश कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर के द्वारा विगत 12 वर्षो से किया जा रहा है। कथा 6 मार्च तक चलेगी। कथा में क्षेत्र के गणमान्य व धर्म प्रेमी श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

### प्रभावी कदम नहीं उठाने के कारण कांग्रेस शासनकाल में हुए 26 एमओयू निरस्त

**रायपुर।** वित्तीय वर्ष 2019-20 से 23-24 तक पिछली सरकार ने विभिन्न उद्योग कंपनियों के साथ 218 एमओयू निष्पादित किए गए, जिनमें कुल प्रस्तावित पूंजी निवेश राशि रुपए 1,27,922.54 करोड़ है। इनमें से 162 राज्य के, 54 राष्ट्रीय तथा 02 विदेशी कंपनियों है। उक्त अवधि के 26 एमओयू निवेशको के अनुरोध पर अथवा समयावधि में कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाने के कारण निरस्त किये गये हैं। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान लिखित में दिए। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पांच वर्ष में हुए एमओयू की स्थिति पूछा था। इसमें कितने एमओयू राज्य/राष्ट्रीय/विदेश के कंपनियां हैं? कितने एमओयू किन-किन कंपनियों के साथ, किन-किन कारणो से निरस्त कर दिए गए है? कंपनियों को उद्योग लगाने हेतु कहां-कहां किस जिले में कितनी शासकीय/निजी भूमि आबंटित की गई? इनमे कौन-कौन सी कंपनियां स्थापित हो उत्पादन प्रारंभ कर दिया है।

**समाचार पत्र पीपुल्स समाचार रायपुर के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण**

**घोषणा**

फार्म-4 (नियम 8 देखिये)

1. प्रकाशन स्थान : पीपुल्स समाचार, अग्रदूत बिल्डिंग द्वितीय तल, भाजपा कार्यालय के सामने, रजबंधा मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)-492001
2. प्रकाशन अवधि : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : अशोक कुमार खुराना
   नागरिकता : भारतीय
   पता : बंगला नं. डी-1, पी.सी.डी.एस, रेसिडेंशियल कॉम्पलेक्स, पीपुल्स हास्पिटल, पीपुल्स कैम्पस, भानपुर, भोपाल-462037
4. प्रकाशक का नाम : अशोक कुमार खुराना
   नागरिकता : भारतीय
   पता : बंगला नं. डी-1, पी.सी.डी.एस, रेसिडेंशियल कॉम्पलेक्स, पीपुल्स हास्पिटल, पीपुल्स कैम्पस, भानपुर, भोपाल-462037
5. संपादक का नाम : वरूण कुमार चौहान
   नागरिकता : भारतीय
   पता : जी/एम 687, फेस-2, अयोध्या नगर, भोपाल-462041
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। : पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विसेज प्रा.लि. पीपुल्स कैम्पस, करोंद भानपुर बायपास, भोपाल

मैं अशोक कुमार खुराना एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकृत जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 01.03.2025

प्रकाशक के हस्ताक्षर
अशोक कुमार खुराना

**ICICI Home Finance** | कार्पोरेट ऑफिस : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टॉवर, ए-26, जोन II, मेन रोड व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)- 495001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]

**अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा।

| क्रमांक | ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ऋण खाता संख्या | सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि | संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय | नीलामी की तिथि और समय | एक दिन पूर्व नीलामी की तिथि | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (D) | (C) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
| 1. | यसीम अहमद (उधारकर्ता) मेहजबी बानो (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBSR00001338230/ LHBSR00001338231 | शीट क्रमांक 5, प्लॉट क्रमांक 273, राजस्व सर्वेक्षण क्रमांक 254/215 मौजे तालापारा, पी एच नंबर 39, तह. बिलासपुर, जिला. बिलासपुर (छ.ग.) | 20.17, 281/- फरवरी 25, 2025 | Rs. 17,83, 800/- / Rs. 1,78, 380/- | फरवरी 24, 2025 11:00 AM 03:00 PM | मार्च 31, 2025 02:00 PM 03:00 PM | मार्च 29, 2025 को 05:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://assets.matexauctions.com) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है। 29 मार्च 25 को शाम 5.00 बजे से पहले अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर 29 मार्च 2025 को शाम 04:00 बजे से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित पते पर जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर 29 मार्च 25 को शाम 05.00 बजे से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित पते पर जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी" के पक्ष में लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।

नीलामी या निविदाएं जमा करने के निरीक्षण, नियम और शर्तों के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com/ पर जाएं।

दिनांक : 01 मार्च 2025
स्थान : बिलासपुर

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106

**विकास के मायने यानि आम आदमी के जीवन में परिवर्तन लाना: कलेक्टर डॉ सिंह**

# सतत विकास पर नीति आयोग की कार्यशाला

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर

editor@peoplessamachar.co.in



न्यू सर्किट हाउस में आज सतत विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसको संबोधित करते हुए संभागायुक्तमहादेव कावरे ने कहा कि सतत विकास का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए सामाजिक और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य बन सके। कावरे ने कहा कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के साथ दो अन्य राज्यों का गठन हुआ था।

नए राज्य के उदय के साथ यह विकास की संभावनाएं बनी। छत्तीसगढ़ विविध संसाधनों से परिपूर्ण है और अलग-अलग क्षेत्र में प्रगति होने लगी। उन्होंने कहा कि जब हम राजधानी रायपुर के साथ आसपास के अन्य शहरों में देखते हैं तो दूर-दूर तक पक्के मकान दिखते हैं। यह सब हमारे छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास के संकेत हैं। राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमण्यम ने एसडीजी के विभिन्न आयामों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता और आर्थिक विकास जैसे प्रमुख डीजी विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिलास्तर पर ठोस रणनीतियाँ और बहु-क्षेत्रीय समन्वय आवश्यक है। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने कहा कि सतत विकास में सतत का अर्थ निरंतर होता है। ऐसा विकास जो निरतंर हो। विकास का लक्ष्य आम आदमी होना चाहिए। यह सही मायने में तभी होता है जब उनके तक पहुंचे। जिससे उनके जीवन में परिवर्तन परिलक्षित हो। उन्होंने कहा कि सतत विकास के मायने है कि वर्तमान की जरूरतों के साथ लक्ष्यों को पाने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना की आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकताएं भी पूरी हो सके। प्रशासन के अधिकारियों को इस दिशा में ही कार्य करना चाहिए। असमानताएं कम करने का प्रयास करते हुए अच्छा स्वास्थ्य, गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा तथा मानव के अच्छे जीवन स्तर को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला में डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर पर एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्धता और नवाचार की आवश्यकता है। कार्यक्रम में राज्य नीति आयोग की टीम द्वारा सतत विकास लक्ष्य अंतर्गत की गई कार्यवाही, अनुश्रवण व अनुशीलन के लिए निर्धारित जिला स्तरीय फ्रेमवर्क डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्कश के बारे में जानकारी दी गई। राज्य नीति आयोग द्वारा एस डी जी मॉनिटरिंग में विभाग व जिलों को सहायता हेतु तैयार किए गए आईटी टूल एसडीजी डैशबोर्ड के फीचर्स व उपयोगिता के संबंध में हैंडस आन प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन रायपुर और राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें संभाग के विभिन्न जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव डॉ. नीतू गोर्डिया उपस्थित थे।